डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY
(Formerly UP Technical University)
सेक्टर–11, जनकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031–– Sector-11, Jankipuram Extionsion Yojna , Luckno

पत्रांकः ए०के०टी०यू०/कुस०का०/व्य०अ०/2024/ 3170 दिनांक : 19/7/2024

सेवा में,

अध्यक्ष/निदेशक
डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय
उ०प्र० से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषय : वृक्षारोपण अभियान वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत एक पेड़ मां के नाम लगाए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1 दिनांक 15 जुलाई 2024 एवं प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3 के पत्रांक सं0 I/691820/2024 दिनांक 15 जुलाई 2024 एवं विश्वविद्यालय के पत्रांक ए०के०टी०यू०/कुस०का/व्य०अ०/2024/3148 का सन्दर्भ ग्रहण करना चाहें।

तद्क्रम में अवगत् कराना है कि वृक्षारोपण अभियान वर्ष 2024–25 के अर्न्तगत एक पेड़ मां के नाम दिनांक 20 जुलाई, 2024 को एक ही दिन विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थान शासन के दिशा–निर्देशों के द्वारा दिए गए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप रोपित कराते हुए विश्वविद्यालय को तत्काल फोटो सहित निर्धारित प्रारूप–1(घ) एवं गूगल शीट पर कृत कार्यवाही की अद्यतन स्थिति/सूचना से अवगत् कराने का अनुरोध किया गया है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में संदर्भित पत्र दिनांक 15 जुलाई, 2024 द्वारा की अपेक्षा के क्रम में उपरोक्तानुसार कार्यवाही कराते हुए सम्बन्धित सूचना निर्धारित प्रारूप पर कराने का कष्ट करें जिससे शासन को ससमय कृत कार्यवाही की सूचना उपलब्ध करायी जा सके।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीय

(रीना सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभारी, ई०आर०पी०, ए०के०टी०यू०, लखनऊ।
2. संयुक्त सचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1, उ०प्र० शासन, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव/नोडल ऑफिसर ए०के०टी०यू०, लखनऊ।
4. स्टॉफ ऑफिसर ए०के०टी०यू०, लखनऊ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव

महत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

प्रभाकर चन्द्र मिश्र,
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलसचिव
ए0के0टी0यू0 लखनऊ।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक 15 जुलाई, 2024

विषय: वर्ष 2024-25 मे 36.50 करोड पौधारोपण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त उपसचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3 उत्तर प्रदेश शासन के पत्र दिनांक 15.07.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पर्यावरण , वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-5 के पत्र दिनांक 11.07.2024 द्वारा पौधारोपण के लक्ष्य को संशोधित करते हुए प्रदेश में वर्ष 2024-25 हेतु 36.50 करोड पौधारोपण का विभागवार एवं जनपदवार लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं, जिसमे प्राविधिक शिक्षा विभाग हेतु 8.06 लाख पौधो के सापेक्ष डिग्री सेक्टर हेतु निर्धारित 2.00 लाख पौधे दिनांक 20.07.2024 को एक ही दिन रोपित करने निर्धारित प्रारूप-1(घ) कृत कार्यवाही की अद्यतन स्थिति/सूचना से अवगत कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अतएव उक्त के सम्बन्ध मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संदर्भित पत्र दिनांक 15.07.2024 द्वारा की गयी अपेक्षा के क्रम मे उपरोक्तानुसार कार्यवाही कराते हुए उक्त से सम्बन्धित सूचना निर्धारित प्रारूप पर शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by
Prabhakar Chandra Mishra
Date: 15-07-2024 17:17:08
(प्रभाकर चन्द्र मिश्र)
संयुक्त सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन को उनके पत्र दिनांक 15.07.2024 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय,

(प्रभाकर चन्द्र मिश्र)
संयुक्त सचिव।

2142
16/7/24

व्यवस्थाधिकारी

Reg
16/7/24

Sri Harshit
18/07/2024